तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 10 जुलाई 2024

12 नैतिकता, संस्कार और अध्यात्म से विद्यार्थियों ...



12 तुड़गे स्कूल की टॉपर छात्रा का स्कूल में हुआ अभिनंदन



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

## खबर संक्षेप



### प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अवसर पर सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे के द्वारा प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के समस्त विकासखण्डों में 10 जुलाई तक लक्ष्य दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा एवं 11 से 24 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का स्लोगन विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित वर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी ओपी शंखवार, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक ने लगाई फांसी कारण अज्ञात

**कांकेर।** थानांतर्गत कांकेर के ग्राम ईदगाह भाठा निवासी 35 वर्षीय महेश कोरेटी पिता बीरजू कोरेटी का फांसी लगाने के कारण मौत हो गया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया की 7 जुलाई को दोपहर करीबन 12 बजे मर्रापी खेत शेष पेज 10 पर

**सफलता:** नक्सली के शव के पास थ्री नाट थ्री, 315 व अस्थायी कैंप से देशी हथियार भी मिले

# बिनागुंडा इलाके में नक्सलियों और फोर्स की मुठभेड़, एक महिला नक्सली का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नक्सलियों की कंपनी नंबर 5 के बिनागुंडा इलाके में होने की खबर मिलने पर बीती रात को जवानों के

- संयुक्त ऑपरेशन में कांकेर डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, बीएसएफ 30 एवं 94 वीं वाहिनी का बल था शामिल

गश्ती दल की टीम छोटेबेठिया से निकली और 9 जुलाई की सुबह कंपनी नंबर 05 के नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक महिला नक्सली का शव मिला है। महिला के शव के पास से थ्री नाट थ्री बंदूक मिली है, इसके अलावा अन्य देशी हथियार व अन्य सामान मिला है। महिला नक्सली के पास से थ्री नाट थ्री मिली है, उससे तय है कि महिला नक्सली बड़े पद पर थी। समाचार लिखे जाने तक टीम शव को लेकर पखांजुर नहीं पहुँच पाई थी।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन में 55 दिन पहले इसी इलाके के आसपास 29 नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली थी। उसके बाद से नक्सली इस इलाके को छोड़कर अबूझमाड़ और महाराष्ट्र की ओर चले गए थे। नक्सलियों की कंपनी नंबर 5 लंबे समय बाद फिर से छोटेबेठिया थाना से 12 किमी पूर्व दक्षिण दिशा में ग्राम बिनागुंडा में दस्तक दिया और पुलिस को इसकी जानकारी मिली। जानकारी मिलने पर नक्सलियों के उपस्थिति के सबूत एकत्र किए गए और बीती रात को उच्च



RITA MADIYAM
PLGA COMPANY NO-5

अधिकारियों ने संयुक्त ऑपरेशन में कांकेर डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, बीएसएफ 30 एवं 94 वीं वाहिनी का बल को आपरेशन के लिए जंगल की ओर रवाना किया। जंगल में पहुँची गश्ती टीम रातभर गश्त करती रही और 9 जुलाई की सुबह वापिस होने के लिए बिनागुंडा इलाके के जंगल में पहुँची थी। तभी नक्सलियों के संतरी ने पुलिस को देखकर फायरिंग खोल दिया।

गश्ती टीम ने जवाबी हमले में फायरिंग किया और मुठभेड़ कई घंटे तक चली। नक्सली रूक रूककर फायरिंग कर रहे थे। पुलिस भी लगातार जवाबी फायरिंग करते हुए आगे बढ़ती रही। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली अबूझमाड़ और महाराष्ट्र की ओर भागे वहीं सर्चिंग के दौरान एक वर्दीधारी महिला नक्सली का शव और उसके कंधे से थ्री नाट थ्री बंदूक मिली। सामान्यतया यह राइफल नक्सलियों का बड़ा लीडर ही अपने पास रखते हैं। सर्चिंग में नक्सलियों के अस्थायी कैंप से 303 के अलावा 315, मूलभूत उपयोग में आने वाले सामान व अन्य सामान मिले। संयुक्त ऑपरेशन में कांकेर डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, बीएसएफ 30 एवं 94 वीं वाहिनी का बल शामिल था।

### 55 दिन बाद कंपनी नंबर 5 से हुई मुठभेड़

*जिले के छोटेबेठिया थाना के अंतर्गत बिनागुडा इलाके से लगे ग्राम कलपर में बीएसएफ व डीआरजी की संयुक्त टीम से नक्सलियों की एक टुकड़ी से 16 अप्रैल को दोपहर को मुठभेड़ हुई, जिसमें 29 नक्सलियों के शव और एके 47, इंसास, कबाईन व 303 रायफल सहित लगभग 10 से 15 हथियार को रिकवर करने में संयुक्त टीम को सफल मिली थी। इस घटना के 55 दिन बाद फिर से कंपनी नंबर 05 से पुलिस के गश्ती दल से 9 जुलाई को मुठभेड़ हुई, जिसमें फिर से पुलिस को एक वर्दीधारी महिला नक्सली के शव, 303 एवं 315 रायफल को रिकवर करने में सफलता मिली।*

### महिला नक्सली कंपनी 5 की है, थ्री नाट थ्री मिली



*वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण ऐलीसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि 9 जुलाई की सुबह मुठभेड़ हुई। गश्ती टीम की जवाबी फायरिंग में एक महिला नक्सली का शव मिला है। प्राथमिक शिनाख्ती कार्यवाही के आधार पर मुठभेड़ में मारी गई महिला माओवादी पीएलजीए कंपनी नंबर 5 का पाया गया। विस्तृत रूप से शिनाख्ती कार्रवाई सुरक्षा बलों के कैंप वापसी उपरांत की जाएगी। महिला नक्सली के शव के पास से 01 नग 303 रायफल, 01 नग 315 बोर रायफल सहित भारी मात्रा में हथियार व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। महिला नक्सली की पहचान रिता मोरिया के रूप में हुई है।*

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले पति व सास के खिलाफ दर्ज हुआ मामला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम बड़ेगौरी में ढाई माह पहले महिला ने पति और सास से पीड़ित होकर दो बच्चों के साथ आत्महत्या कर लिया था। मामले की विवेचना के उपरांत जांच में मृतिका के पति व सास को दोषी पाया गया और उनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया। जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल को बड़ेगौरी निवासी पवन कुमार तेता की पत्नी कविता तेता ने अपने दोनो बच्चों को फांसी पर लटका दिया और उसके बाद स्वंय फांसी पर लटक गई थी। विवेचना में प्रथम दृष्टया यह पुष्टि पर मृतिका के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया वहीं मृतिका के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतिका का विवाह पवन तेता निवासी ग्राम बड़ेगौरी के साथ 1 जनवरी 2021 को हुआ था। विवाह के कुछ समय के बाद से कविता को ससुराल में सास धीरजा बाई तेता व पति से छोटी छोटी बातों तथा दहेज कम लाने की बातों को लेकर विवाद कर पति मारपीट करने लगे थे। ससुराल में दहेज प्रताड़ना से प्रताड़ति होने के कारण लगभग डेढ़ वर्ष पहले अपने मायके ग्राम तेलावट चली आई थी, जहां पर अपने माता पिता व परिवार के लोगों को बताया था कि मेरे ससुराल में पति और सास के द्वारा शादी में अपने घर से दहेज कम लाई है, कहकर लड़ाई झगड़ा करते है। यह मामला समाज के संज्ञान में आया था और समाज के जिम्मेदारों ने भी समझाया था, परंतु दहेज के माँगने को लेकर विवाद इसके बाद भी होता रहा। मृतिका के शेष पेज 10 पर

## गढ़पिछवाड़ी से इच्छापुर तक सड़क की सुधार की मांग, कांग्रेसियों का धरना



**कांकेर।** गढ़पिछवाड़ी से इच्छापुर तक की जर्जर सड़क को मरम्मत की माँग को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन इच्छापुर में 9 जुलाई को किया गया। तहसीदलदार के द्वारा एक सप्ताह में सड़क की मरम्मत का आश्वासन दिए जाने पर धरना प्रदर्शन खत्म किया गया। जनपद सदस्य राजेश भास्कर ने कहा कि इस सड़क का मरम्मत सात दिन के अंदर नहीं किए जाने पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्काजाम करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। जर्जर सड़क को सुधारने के लिए जिम्मेदार विभाग के अमले को कई बार बताया जा चुका है, परंतु कोई ध्यान नहीं दे रहा है। युवक कांग्रेस के नेता पवन कांगे ने कहा कि सड़क के बहुत ही खराब होने से इस इलाके में आने वाले स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है और आए दिन लोग गड्ढो पर गिरने को मजबूर हो रहे है। इस मार्ग से आमाबेड़ा क्षेत्र व आसपास कई गांव के ग्रामीण कांकेर जिला मुख्यालय आते है और लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे है, जिससे लोग परेशान है। सड़क के जर्जर होने की जानकारी विभाग को दिया गया है, परंतु संबंधित विभाग गंभीरता नहीं दिखाया, इसलिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा। एक दिवसीय धरना में ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष रोमनाथ जैन, नरसिंह तेता, संतोष हुपेंडी, इच्छापुर गांव के ग्रामीण धरना में उपस्थित रहे।

## युवती को घर में रहने के लिए जगह देने की बात पर मारपीट, जुर्म दर्ज



**कांकेर।** रिश्तेदार की युवती को घर में रहने की जगह देने पर उसके मामा ने जान से मारने की धमकी दी। युवती के मामा ने जगह देने वाले की लात व हाथ से जमकर पिटाई की। इसके बाद पास में रखे लोहे के डंडा से हमला बोल दिया, जिससे प्रार्थी को जमकर चोट आई। जिला अस्पताल में इलाज करवाने के दो दिन बाद कांकेर थाना में शिकायत किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कांकेर थाना में आमापारा निवासी 54 वर्षीय मधुकर गोड़े पिता स्व. पीएन गोड़े ने पुलिस को बताया कि वह घुम्मड़मल दुकान में काम करता है। मेरी पहचान की लड़की भावी नेताम, जिसे अच्छे से जानता हूँ, मेरे घर आई और बोली कि नर्सिंग का फार्म डालूंगी। मुझे दो चार दिन रहने के लिए जगह चाहिए। पहचान की है, कहकर रूक जाना बोला और आपका काम हो जाएगा तो चले जाना। उसका मामा प्रवीण नेताम 6 जुलाई की रात करीबन पौने 12 बजे मेरे घर आया और मुझे बोला कि मेरी भांजी भावी नेताम कहां है। बोलने पर मैं बोला कि यहीं रूकी है, क्या हो गया बोलने पर मुझे गाली देते हुए कहने लगा कि तू मेरी भांजी को रखने वाला कौन होता है। जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे घर अंदर घुसकर मुझे थप्पड़ व लात घूसे से मारा। इसके बाद घर में रखे लोहे के राड से बहुत मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे सिर, पीठ, बांये आंख, नाक, दोनो हाथ में चोटे आई है । मारपीट की घटना के बारे में पार्षद अन्य लोगों को जानकारी दिया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती हो गया। मेरी तबियत में सुधार होने के बाद 8 जुलाई को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया हूं।प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 331 (2), 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने विधायक को बताई समस्याएं, मिला आश्वासन




**कांकेर।** कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा पटल पर संविदा कर्मचारियों के वेतन में 27 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा किया था, इसके बावजूद आज पर्यंत वेतन वृद्धि का आदेश लागू नहीं हो पाया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने विधायक आशाराम नेताम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण की मांग रखी, वहीं विधायक ने कहा कि आप लोगों की बात प्रदेश के मुखिया के संज्ञान में लाया जाएगा।।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने 9 जुलाई को विधायक आशाराम नेताम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा 19 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों को देय वेतन में एकमुश्त 27 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा किया था। इस घोषणा के पालन में वित्त विभाग द्वारा 2 अगस्त 2023 को पत्र जारी कर एक जुलाई 2023 से लागू किए जाने के लिए समस्त विभागों को पत्र प्रेषित किया गया था। 11 माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वृद्धि वेतन अप्राप्त है। सविंदा कर्मचारियों को नियमितिकरण के संबंध में संघ ने कहा कि कुछ विभागों में सविंदा कर्मचारियों का नियमितिकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारी लंबे समय से कार्यरत हैं, न तो उनका नियमितिकरण किया जा रहा है और न ही अनुभव का किसी प्रकार से कोई लाभ दिया जाता है। उन्होने सभी कर्मचारियों का नियमितिकरण करने की मांग विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की माँगो को सीएम के संज्ञान में लाएंगे और पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष प्रवीण राजपूत ने कहा कि कांकेर जिला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण आगे की रणनीति बनाने के लिए जिले के समस्त विकास खण्डों में बैठक आयोजित कर संगठन को और भी मजबूती बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा शेष पेज 10 पर

## परिसीमन के प्रथम प्रकाशन की तिथि में संशोधन, 22 तक कर सकेंगे दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर


संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास

- नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी

साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव से पहले की जा रही परिसीमन की प्रक्रिया के तहत 15 जुलाई तक प्रथम प्रकाशन किया जाना था। परंतु नए आदेश के तहत अब 22 जुलाई तक प्रथम प्रकाशन किया जाएगा। दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद ही अंतिम प्रकाशन होना है, परंतु कांकेर जिले में अभी तक हुई तैयारी से यही लग रहा है कि सभी नगरीय निकाय में किसी तरह का बदलाव नहीं होने वाला है। नगरीय निकाय द्वारा 9 जुलाई को जारी नए आदेश के तहत नगर पालिक एवं नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 6 के तहत सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव को 12 जुलाई तक तैयार किया जाना है। नगर पालिक एवं नगर पालिका (वार्डों का विस्तार) नियम 1994 के नियम 7 के तहत वार्डो की सीमा निर्धारण संबंधी निर्धारित प्रपत्र में प्रारंभिक प्रकाशन कर आपत्ति व सुझाव को 15 जुलाई से 22 जुलाई तक आमंत्रित किया जाएगा।

पुराने आदेश के तहत 15 तक दावा आपत्ति करने का प्रावधान था, इसे अब बढ़ाकर 22 जुलाई तक कर दिया गया। नगर पालिक एवं नगर पालिका वार्डो का विस्तार नियम 1994 के नियम 8 के तहत जिला कलेक्टर के द्वारा नियत अवधि में नागरिकों से प्राप्त आपत्ति व सुझाव एवं उन पर अपना अभिमत सहित संपूर्ण प्रस्ताव राज्य शासन को 18 जुलाई को भेजना था, अब नए आदेश के तहत 25 जुलाई तक भेजना होगा। राज्य शासन इसके उपरांत राजपत्र में प्रकाशन करवाकर अधिसूचना जारी करेगा।

उल्लेखनीय है कि जून महीने में ही प्रदेश सरकार ने सभी जिलों को नगरीय निकाय का परिसीमन करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने नगर पालिका कांकेर, नगर पंचायत नरहरपुर, नगर पंचायत चारामा, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, नगर पंचायत अंतागढ़ और नगर पंचायत पखांजुर में में अफसरों को जिम्मेदारी देकर परिसीमन करने के निर्देश दिए थे। इस परिसीमन की प्रक्रिया के तहत इन निकाय में किए गए बदलाव का प्रथम प्रकाशन 15 जुलाई को किया जाना था, परंतु 9 जुलाई को नगरीय निकाय के जारी आदेश के तहत समय सारिणी में फिर से बदलाव हो गया है।

**माँग पूरा नहीं होने पर कर सकते है अनिश्चितकालीन हड़ताल**

# पटवारी के बाद अब तहसीलदार व नायब तहसीलदार ने किया कामबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तत्वाधान में तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने 9 जुलाई को महासमुंद के झलप में नायब तहसीलदार के साथ हुई घटना एवं अन्य मांगो को लेकर कलेक्टर के नाम का ज्ञापन एडीएम को सौंपा। मीडिया को बताया कि 10 से 12 जुलाई तक अवकाश लेकर कामबंद रखेंगे। इसके बाद भी माँग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते है।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि महासमुंद जिले के झलप तहसील में नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ हुई मारपीट की घटना से क्षुब्ध राज्य के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के तत्वाधान में तीन दिवस के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। पूर्व में ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने न्यायालय में सुरक्षा संबंधी मांग सरकार से की थी। पूर्व सरकार द्वारा न्यायालय में सुरक्षा के लिए पत्र समस्त कलेक्टर को भी जारी किए गए थे, परंतु आज तक फील्ड में उसका कोई असर नहीं दिखा है। जिसके कारण आज भी न्यायालय में बैठे तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के ऊपर असामाजिक तत्वों के द्वारा हमले, मारपीट व दुर्व्यव्हार की खबरें लगातार आती रही है। ऐसी स्थिति में तहसीलदार व नायब तहसीलदार को न्यायालय में बैठकर काम करना मुश्किल हो गया है। पिछली सरकार में मुख्यमंत्री के द्वारा नायब तहसीलदारों को राजपत्रित घोषित किया गया था, परंतु आज तक इस संबंध में कोई भी पत्र सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। इसी प्रकार तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 का अनुपात लागू करने की घोषणा किया गया था, वह भी अभी तक अमल में नहीं लाया गया है। तहसीलदार व नायब तहसीलदार पर्याप्त संख्या में होने के बावजूद एएसएलआर व एसएलआर को तहसीलदार का प्रभार दिया जाता है, जिसके लिए भी संघ ने विरोध जाहिर किया था, परंतु कुछ हुआ नहीं।

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जमीन विवादों का निपटारा हो या जिले में कानून व्यवस्था को लागू करवाना, यह सब दायित्व नायब तहसीलदार व तहसीलदार करते है। प्रोटोकॉल से लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं जनता तथा प्रशासन के बीच समन्वय का कार्य भी तहसीलदार के द्वारा ही किया जाता है। विभिन्न विभागों के कार्यालय का निरीक्षण तथा कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में विभिन्न विभागों के योजनाओं के जांच एवं निरीक्षण भी तहसीलदार व नायब तहसीलदार के माध्यम से किया जाता है, परंतु वेतन विसंगति होने के कारण बहुत से विभाग अब उनकी बातों को अनसुना करते हैं। तहसीलदार व नायब तहसीलदार 10 जुलाई से तीन दिवस के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं एवं मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे, ऐसा ज्ञापन कलेक्टरों को सौंपा गया है।

इस अवसर पर सुरेंद्र उर्वाशा तहसीलदार भानुप्रतापपुर, कुलदीप ठाकुर तहसीलदार पखांजूर, सुरेश राय तहसीलदार शेष पेज 10 पर

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम कुकरीपारा निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार नरेटी पिता रुपेन्द्र नरेटी का करंट लगने के कारण मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक 8 जुलाई की सुबह 5 बजे घर में नहाकर अपना गीला कपड़ा को बोर के पैनल बोर्ड में लगे बिजली तार में सुखाने के लिए डाला। वायर में करंट लगने से जमीन में गिरकर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सीएचसी भानुप्रतापपुर लेकर गए, जहां पर चिकित्सक द्वारा युवक की जाँच किया और मृत होना बताया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 11 को चलेगा महाअभियान

**कोण्डागांव।** विभिन्न गंभीर बीमारियों के निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 11 जुलाई को जिले में महाअभियान चलाया जाएगा। महाअभियान में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गांव–गांव में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में आयुष्मान कार्ड बनाने का यह महाअभियान इसलिए चलाया जा रहा है, ताकि अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में कोरोना, कैंसर, गुर्दा रोग, हृदय रोग, डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया डायलिसिस, घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण, निःसंतानता, मोतियाबिंद और अन्य चिह्नित गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए हर पात्र परिवार को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक की सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने अपील की है कि आयुष्मान कार्ड से वंचित हितग्राही अपना राशन कार्ड एवं आधार कार्ड लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीन या ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर 11 जुलाई के आयुष्मान महाअभियान में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम बुडरा निवासी मानकूराम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता चमरेबाई, भाई धनीराम, बलीराम, सोनाधर, बहन माहरी को, ग्राम पुसापाल निवासी सोनऊराम की पानी में डूबने से मृत्यु पर पत्नी दसोबाई, पुत्र फूलसिंह, पुत्री फूलमा, प्रमिला, प्रेमबती को और मर्दापाल तहसील के ग्राम बोरगांव निवासी जयराम कोर्राम की पानी में डूबने से मृत्यु पर पत्नी बितकबाई कोर्राम, पुत्र गंगा राम कोर्राम, पुत्री गंगई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा सभी प्रकरणों में चार–चार लाख रुपएकी आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए हैं।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 10 को

**जीजामगांव।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। जिलास्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय तथा तहसील इकाई में अनेक महत्वपूर्ण नियमों पर विचार किया जाएगा। वार्षिक सहयोग राशि जमा नहीं करने वाले सदस्य राशि के साथ अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे। अध्यक्ष बीआर शांडिल्य ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### दावा-आपत्ति 18 तक मंगाई गई

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत हटकेशर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 2 में सहायिका और दानीटोला वार्ड के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 में कार्यकर्ता के पद के लिए प्राप्त आवेदनों की अनंतिम योग्यता सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी ने बताया कि उक्त सूची को नगरनिगम कार्यालय और एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय धमतरी के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। इस संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो वह 18 जुलाई तक कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

### रोल नंबर, नाम में विसंगति पर आवेदन 12 तक मंगाए

**धमतरी।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसका वेबसाईट एकलव्य डाट सीजी डाट नीक डाट इन पर अवलोकन किया।

---

**रिसर्च:** 2 माह तक चले परीक्षण के बाद निकला निष्कर्ष

# खट्टा खाने से नहीं होती परेशानी मेकाज के डॉक्टरों ने किया शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



डिमरापाल स्थित मेडिकल कालेज के डॉक्टरों ने एक बार फिर से शोध किया। लगभग 2 से 3 माह तक चले इस शोध में इस बात को बताया गया कि जहां लोगों को इस बात से डराया जाता है कि घाव होने के साथ ही अगर किसी का ऑपरेशन किया गया है तो ऐसे में अगर वह खट्टा खाता है, तो उसे इंफेक्शन का कोई खतरा नहीं है।

- आपरेशन, घाव वाले मरीजों को खाने के लिए दिया गया

इस मामले के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. प्रदीप पांडेय ने बताया कि बलिराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टरों द्वारा सर्जरी वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों के ऊपर शोध किया गया, जिसमें मरीजों को दो भागों में बांटा गया। एक भाग के मरीजों को खट्टा खाने के लिए दिया गया, जबकि दूसरे भाग के मरीजों को इनसे दूर रखा गया। इसके बाद से लगातार इन मरीजों को निगरानी में रखकर इनकी स्थिति को देखा जा रहा था, करीब कुछ हफ्तों के बाद जब दोनों भाग के मरीजों को देखा गया तो दोनों में सामान्य लक्षण देखे गए। जिससे कि इस बात को कन्फर्म कर दिया गया कि अगर चोट लगने, ऑपरेशन के बाद अगर उन्हें खाने में खट्टा दिया जाता है तो उनके घाव नहीं पकते है।

#### शोध कार्य में ये रहे शामिल

शोध कार्य डॉ. कमलेश ध्रुव, डॉ. प्रदीप पांडे एवं आहार विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा बनर्जी के निर्देश में संपन्न किया गया। साथ ही अंकित वर्मा, अंशुल सिंह, अंजू चौहान, आराधना जायसवाल भी शामिल रहे।

## पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हुआ चोरी का संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना में उस समय हड़कम्प मच गया जब चोरी के मामले में एक संदिग्ध को थाना लाया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बाथरूम जाने की बात कही और पुलिस की आखों में धूल झोंककर फरार हो गया।

- सुबह पुलिस ने पूछताछ के लिए पकड़ा, दोपहर में बाथरूम जाना है कहकर भाग गया
- कोतवाली थाने में मचा हड़कम्प

जानकारी के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कालोनी में हुई चोरी की वारदात के एक संदिग्ध को पुलिस ने पूछताछ के लिए मंगलवार सुबह पकड़ा था। उससे पुलिस पूछताछ कर रही थी इसी बीच दोपहर में टायलेट जाना है कहकर वह पुलिस को चकमा देते हुए फरार हो गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर उसके फरार होने का पता लगते ही थाने में हड़कम्प मच गया। आननफानन में पुलिस की अलग अलग टीम संदिग्ध की तलाश करती रही लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी में हुई चोरी की घटना में आरोपी की संलिप्तता की सूचना मिली थी जिसके बाद संदिग्ध युवक को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। पूछताछ के दौरान बाथरूम जाना है कहकर वह गया और पुलिस की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पुलिस का कहना है थाने से फरार संदिग्ध को जल्द पकड़ लिया जाएगा।

### प्रथम नियुक्ति तिथि से हो समस्त लाभ की गणना : डेवेश

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू ने बताया कि भूपेश बघेल की तत्कालीन सरकार ने शिक्षाकर्मी भर्ती प्रक्रिया को बंद करके नियमित भर्ती प्रक्रिया शुरू की, लेकिन प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना का लाभ नहीं मिल पाया। आज भी शिक्षाकर्मी से जो शिक्षक बने हैं, उनकी मुश्किलें अभी भी बरकरार है। उन्हें न तो क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है।

## कलेक्टर और एसपी ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सजगता के साथ कार्य करने तथा गंभीर विवादों के स्थान पर तत्काल स्वयं पहुंचकर विवादों का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए धैर्यपूर्वक कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

- निगरानीशुदा बदमाशों पर कानूनी कार्रवाई करें

कलेक्टर ने इस दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनावों को देखते हुए भी कानून व्यवस्था को चुस्त दुरस्त बनाए रखने के निर्देश देते हुए निगरानीशुदा बदमाशों पर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

## नक्सलियों के नाम पर आदिवासियों को थाना लाकर प्रताड़ित करना दुर्भाग्यजनक: बघेल

**बीजापुर।** कांग्रेस जांच दल के संयोजक एवं विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि नडपल्ली गांव के ग्रामीणों ने बताया कि 5 जुलाई की देर रात सुरक्षा बलों ने पूरे नडपल्ली गांव को घेर लिया। गांव के बुजुर्ग और महिलाओं को छोड़कर 95 लोगों को सुबह 4 बजे पुलिस थाना उसूर लाया गया जिनमे पढ़ाई करने वाले छात्र, किसान, बीमारी से पीड़ित मरीज़ शामिल थे। बाद में कुछ लोगों को छोड़ दिया गया। यह अपने आप में ऐसी पहली घटना होगी जिसमें पुलिस ने पूरे गांव वालों को नक्सलियों के नाम पर थाना लाया और उन्हें प्रताड़ित किया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर कांग्रेस का 6 सदस्यीय जांच दल मंगलवार को नडपल्ली गांव में ग्रामीणों के साथ हुए पुलिसिया अत्याचार की जांच में पहुंचा। ग्रामीणों से मिलकर संपूर्ण घटना की जानकारी ली। ज़िला मुख्यालय आकर जांच दल ने प्रेसवार्ता में पूरी बात बताई। 15 दिन पहले आईईडी ब्लास्ट में अपने दोनों पैर खो देने वाली महिला का ज़िक्र करते हुए लखेश्वर बघेल ने कहा कि जिस महिला ने अपने दोनों पैर गंवाएं हैं। पुलिस उसी के बेटे को नक्सली बता कर उठा रही है, इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को यह बताना चाहिए कि ऐसी कौन सी मुसीबत आ रही थी कि पुलिस ने सुबह 4 बजे पूरे गांव के लोगों को उठाकर थाने ले आई है, जबकि पुलिस थाना और नडपल्ली गांव के इर्द गिर्द सुरक्षा बलों के दो कैम्प भी है। आगामी विधान सभा सत्र में इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

#### पलायन कर रहे आदिवासी

बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि नक्सलियों के नाम पर लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर आदिवासी अब अन्य राज्यों में पलायन कर रहे है। भाजपा सरकार के पास आदिवासियों के लिए कोई योजना नहीं है और कोई नीति नहीं है। भाजपा सरकार के 6 माह के शासन में उनकी कथनी और करनी को समझा जा सकता है।

#### जांच दल में ये थे शामिल

पुलिसिया अत्याचार की जांच के लिए 6 सदस्यीय जांच दल का गठन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने किया था। जिसमें बस्तर के विधायक लखेश्वर बघेल को संयोजक बनाया गया था। विधायक विक्रम मंडावी, नारायणपुर के पूर्व विधायक चंदन कश्यप, नीना रावतिया उद्दे प्रदेश महामंत्री, शंकर कुड़ियम अध्यक्ष ज़िला पंचायत बीजापुर एवं लालू राठौर अध्यक्ष ज़िला कांग्रेस कमेटी आदि को सदस्य बनाया गया है।

## कुपोषण से मुक्ति के लिए शिक्षक व समुदाय जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए और उनको स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराने के लिए शासन की विशेष पहल जो धरातल पर दिख रही है। इसी कड़ी में 9 जुलाई को संकुल समन्वयक नयापारा माकड़ी विकासखंड अमित वर्मा द्वारा अपनी पुत्री नैंसी वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक शाला भिरंडा के बच्चों को न्योता भोजन कराया गया। जिसमें खीर, पूड़ी, लड्डू, केला, मिक्चर खिलाया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला भिरंडा के प्रधान अध्यापिका श्रीमति सीमा शांडिल्य और शिक्षक सुरेश शोरी उपस्थित रहे।

## टॉकीज परिसर में चाकूबाजी करने वाले आरोपी धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

देवश्री टॉकीज परिसर में हुई चाकूबाजी की घटना के चारों आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



उल्लेखनीय है कि रविवार को अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़रा निवासी डोमेन्द्र साहू अपने बड़े भाई विवेक साहू व दोस्त फलेन्द्र एवं वासुदेव के साथ फिल्म देखने देवश्री टॉकीज आए थे। टॉकीज में टिकट लेने के लिए काउंटर के सामने खड़े थे। इसी दौरान चार युवकों ने गाली गलौज कर प्लास्टिक के पाइप, सांकल व धारदार वस्तु से इन पर हमला करते हुए मारपीट शुरू कर दी। चाकू के हमले से दोनों भाई विवेक व डोमेन्द्र घायल हो गए। घायल डोमेन्द्र को जिला अस्पताल व विवेक को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल युवक का बयान दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115-2, 296, 3-5, 351-2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। वीडियो फुटेज के माध्यम से घटना में शामिल चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना में घायल दोनों भाइयों का स्वास्थ्य पहले से बेहतर है।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में चोरों का धावा, गैस सिलेंडर के साथ रेग्युलेटर भी ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय से लगे गांव मालगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा किचन में रखे मध्यान्ह भोजन बनाने के लिए गैस सिलेण्डर व रेग्युलेटर भी ले भागे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम मालगांव सड़कपारा निवासी 30 वर्षीय मोनिका मंडावी पति किशन मंडावी ने पुलिस को बताया कि मालगांव सड़कपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हूँ और 6 जुलाई को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर साढ़े 3 बजे तक काम करके बंद कर घर चले गए थे। 8 जुलाई को सुबह करीबन साढ़े 9 बजे तथा सहायिका रामबत्ती सलाम आंगनबाड़ी केन्द्र गए, सामने गेट का ताला खोलकर अंदर गए तो देखे की आंगनबाड़ी केंद्र से लगा हुआ किचन का ताला टूटा हुआ लटका था। तभी वह और सहायिका अंदर जाकर देखे तो आंगनबाड़ी में रखा मध्यान्ह भोजन बनाने का गैस सिलेण्डर रेग्युलेटर साहित नहीं था। सुपरवाइजर और सचिव को फोन कर बताई कि हमारे आंगनबाड़ी के किचन से गैस सिलेण्डर एवं रेग्युलेटर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, जिसकी कीमत 4 हजार रुपए है। सुपरवाइजर और सचिव के द्वारा सलाह देने पर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा शिकायत दर्ज करने पर पुलिस ने आरोपी अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## पेज 9 के शेष

### दहेज के लिए...

परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति और सास के खिलाफ धारा 304 (बी), 34 भादवि का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### युवक ने लगाई...

लाड़ी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### एनएचएम ...

है। आगे चलकर हम अपनी मांगों को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर अपनी 18 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर जाने के लिए तैयारी कर चुके है, उक्त मांग पूरा नहीं होने पर प्रांतीय आव्हान पर आगे रणनीति बनाकर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान डॉ. नितिन वाल्मीकि, प्रशांत झा, गौरव सोनी, भूपेंद्र उर्वासा, दीपक कुमार वर्मा, अनीस खान, मनेंद्र कुमार, आकाश सिंह, मोहित सिन्हा, हेमंत साहू आदि सक्रिय साथी उपस्थित थे।

### पटवारी के बाद ...


कांकेर, भरत कुमार तहसीलदार बांदे, उमाकांत जयसवाल तहसीलदार दुर्गुकोंदल, कृष्णा पाटले प्रभारी तहसीलदार चारामा, संजय कुमार राय प्रभारी तहसीलदार नरहरपुर, विकास कुमार जैन नायब तहसीलदार कांकेर, अभिषेक कुमार देवांगन नायब तहसीलदार कांकेर उपस्थित रहे।

---

**इकाई बन रही पशुपालकों के लिए वरदान, ग्रामीण इलाकों में समय पर पशुओं का उपचार**

# मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई ने किया 40 हजार 783 पशुओं का उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव






पशुपालकों के लिए पशुओं के स्वास्थ्य की चिंता अब नहीं रही। जिले में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई पशुपालक किसानों के लिए वरदान बन गई है। जिले में पशुओं को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचाने में यह सेवा बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इस योजना में चिकित्सा वाहन के माध्यम से बीमार पशुओं को घर घर जाकर ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। क्योंकि कई बार देखा जा चुका है कि जब पशुओं में बीमारी फैलती है तो उन्हें ठीक प्रकार से इलाज नहीं मिल पाता है जिसके कारण उनकी मृत्यु हो जाती है। जिससे पशुपालक को भी हानि होती है। इससे किसान की आर्थिक स्थिति पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के कारण अब किसानों को बीमार पशुओं को अस्पताल तक पहुंचाने की चिंता भी कम हो गई है।

- 29189 पशुओं का टीकाकरण व 71 गायों का कराया कृत्रिम गर्भाधारण

इसके माध्यम से अब तक 40 हजार 783 पशुओं का उपचार, 11541 पशुओं में रोग जांच, 38 हजार 945 पशुओं को दवा, 71 गायों का कृत्रिम गर्भाधान, 1818 निकृष्ट पशुओं का बधियाकरण और 29189 पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

ग्राम पश्चिम बोरगाव के पशुपालक सनोज दास की गाय में प्रसव पश्चात उसका गर्भाशय बच्चादानी बाहर आ गया था। जिसकी सूचना पशुमालिक द्वारा मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई की हेल्पलाइन न. 1962 में कॉल कर दी गयी। सुचना पर मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम ने तत्काल पहुच कर पीड़ित गाय का गर्भाशय अंदर किया गया तथा जरूरी उपचार किया गया। वर्तमान स्थिति में गाय पूर्ण रूप से स्वस्थ है। माकड़ी ब्लॉक के ग्राम पखनाबेड़ा के पशु पालक मरदम सिंह वट्टी की बकरी प्रसव करने में असमर्थ थी तथा 6 घंटों से पीड़ित थी। जिसकी सूचना पशु मालिक द्वारा मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई की टीम को मिलने पर टीम द्वारा तत्काल पहुंचकर बकरी के गर्भाशय में फंसे हुए मेमना को बाहर निकाला गया। बकरी तथा मेमने दोनों की जान बचाई गई। वर्तमान मे बकरी तथा मेमना दोनों ही स्वस्थ है।

#### पशु संरक्षण को बढ़ावा लगा मिलने

मोबाइल चिकित्सा योजना के लागू हो जाने के बाद पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलने लगा है। अब कोई भी पशुपालक अपने पशु के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकते हैं। अपने पशुओं का अच्छे से समय पर इलाज करवा सकते हैं।

#### मोबाइल कॉल द्वारा बीमार गोवंश को बेहतर चिकित्सा का लाभ

अब राज्य के पशुपालकों को अपने पशुओं के बीमार होने पर चिंता होने की जरूरत नहीं रही, क्योंकि अब वह आराम से अपने स्थान पर चिकित्सा वाहन बुलवाकर अपने बीमार पशु का अच्छे से इलाज करवा रहे हैं। इस योजना के तहत केवल एक मोबाइल कॉल के द्वारा बीमार गोवंश को बेहतर चिकित्सा का लाभ मिल रहा है। वहीं इंसानों की तरह ही अब पशुओं को भी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है, जिससे उनमें बीमारियां कम फैलने के कारण उनकी मृत्यु दर में कमी आ रही है। पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक शिशिरकांत पांडे ने बताया कि इस वाहन में रोग की जांच व उपचार के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान और निकृष्ट बैलों के बधियाकरण के उपकरण की सुविधा भी उपलब्ध रहती है। यह वाहन प्रतिदिन तीन स्थानों पर शिविर आयोजित कर पशुओं के रोगों की जांच व उपचार करती है।

**खबर संक्षेप**

### प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने मनीष



जगदलपुर। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। जिस पर मनीष मूलचंदानी ने छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताते सिंधी पंचायत के प्रदेश स्तर के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कार्य करने की बात कही।

### मतदाता आभार एवं अभिनंदन समारोह दिखावा : जावेद



जगदलपुर। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान ने भाजपा के मतदाता आभार एवं अभिनंदन समारोह को भाजपा द्वारा अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना करार देते हुए कहा इसे जनता के साथ धोखा और छलावा करार दिया है, जावेद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा को नसीहत देते हुए कहा मात्र छः महीने में ही छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता भाजपा और साय सरकार पर विश्वास कर खुद को छला हुआ महसूस कर रही है, आज प्रदेश की जनता की जिंदगी पटरी से उतर चुकी है ना महंगाई कम होने का नाम ले रही ना साय सरकार जनता को राहत देने का काम कर रही है, प्रदेश में छः महिने की भाजपा सरकार में तीन बड़े समाज आदिवासी समाज,सतनामी समाज और मुस्लिम समाज अपने साथ हो रही ज्यादती के खिलाफ सड़कों पर है फिर क्यों भाजपा अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रही है।

### राजस्व संबंधित प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ करें निराकरण

जगदलपुर। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि किसानों और ग्रामीणों के राजस्व प्रकरणों को संवेदनशीलता और बहुत सतर्कता के साथ निराकृत करें। साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदाय में प्रगति लाएं। वहीं सभी लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाना सुनिश्चित करें। जिले में कम बारिश और फसल क्षति के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने कहा। कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों के प्रगति रिपोर्ट, राजस्व प्रकरणों की दर्ज-निराकरण के लंबित की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निराकरण के मासिक लक्ष्य के आधार पर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व प्रकरणों की मासिक प्रगति, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की प्रगति, भू-अर्जन के भुगतान, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन के प्रकरणों का न्यायालयवार समीक्षा, व्यपवर्तन, आरबीसी-6-4 के प्रकरणों, भू-राजस्व के बकाया राशि की वसूली, शीर्ष ब 121 के प्रकरण, त्रुटि सुधार और नक्शा बटांकन के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन कार्य की प्रगति हेतु विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में अतिक्रमण रोकने हो रही पैदल पेट्रोलिंग

**पेट्रोलिंग के चलते अब तक उद्यान में अतिक्रमण की सूचना नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के मैदानी कर्मचारियों द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं, जिसमें मानसून के दौरान पार्क प्रबंधन और सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक वर्ष मानसून के दौरान ग्रामीण खेती किसानी के लिए वन विभाग के भूमि को अतिक्रमण करते हैं, इसलिए अभी से कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसके चलते अब तक अतिक्रमण की सूचना नहीं मिली। उद्यान की पेट्रोलिंग हर दिन हो रही है, अतिक्रमण रोकने और वन्य जीवों की सुरक्षा के उद्देश्य से सभी मैदानी कर्मचारियों को हर दिन पैदल पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया गया है। सभी पेट्रोलिंग गार्ड और मैदानी कर्मचारियों को गश्ती रजिस्टर रखना होगा, जिसमें देखा गया हर प्रकार की जानकारी दर्ज करनी होगी। यह पहल मानसून के दौरान पार्क की सुरक्षा और संरक्षण को मजबूत करने के लिए की गई है, जिससे कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखा जा सके।

■ उद्यान के निदेशक समय-समय पर कर रहे पेट्रोलिंग का निरीक्षण



**नियमित गश्ती के दिए निर्देश**

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणि सिंह ने बताया कि उद्यान के विभिन्न परिक्षेत्रों में 17 पेट्रोलिंग कैंप हैं, जिनमें प्रत्येक में पेट्रोलिंग गार्ड तैनात किए गए हैं। इन गार्ड्स के साथ ही मैना मित्र और अन्य मैदानी कर्मचारियों को भी पार्क क्षेत्र में नियमित गश्ती करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अंजनेश्वर व्यायामशाला का हुआ लोकार्पण

# शहर का विकास अनवरत जारी रहेगा : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में अंजनेश्वर व्यायाम शाला का विधिवत लोकार्पण मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव एवं महापौर शफीरा साहू के द्वारा फीता काटकर किया गया। व्यायाम शाला लोकार्पण में पूर्व वन विकास निगम अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी,वार्ड पार्षद एवं प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे उपस्थित रहे। किरण देव ने कहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड वासियों के लिए अत्यंत सुखद पल है कि अंजनेश्वर देवालय में व्यायाम शाला का लोकार्पण किया जा रहा है। महापौर निधि से व्यायाम शाला सामग्री क्रय किया गया है। श्री देव ने कहा शहर विकास अनवरत जारी रहेगी, जनमानस को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है। शहर का चौमुखी विकास किया जाएगा। वहीं विधायक ने वार्ड पार्षद संजय पांडे एवं वार्ड वासियों की मांग पर वार्ड में 15 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लाक विधायक निधि से लगाने की घोषणा किया।

महापौर ने व्यायाम शाला के अतिरिक्त सामग्री के लिए महापौर निधि से और 2 लाख देने की घोषणा किया। उन्होने कहा कि शहर विकास के लिए जो कुछ भी अच्छा होगा, वह लगातार करती रहेंगी। विदित हो कि पूर्व में महापौर के द्वारा इस व्यायामशाला के लिए छह लाख रुपये की लागत से व्यायामशाला सामग्री प्रदाय कीं थी।

वार्ड पार्षद संजय पांडे ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक किरण देव से वार्ड विकास के संबंध में राशि की मांग की, जिस पर विधायक ने विधायक निधि से राशि देने की घोषणा किया। साथ ही महापौर ने व्यायाम सामग्री के लिए भी अतिरिक्त राशि देने की घोषणा किया। जिसके लिए संजय पांडे ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते वार्ड वासियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि विधायक एवं महापौर ने जब जब इस वार्ड को ज़रूरत पड़ी आवश्यक संसाधन हेतु पर्याप्त राशि की अनुशंसा की है। इस व्यायाम शाला के साथ साथ उन्होने मोहन नगर में पार्क में भी ओपन जिम लगाने हेतु 12 लाख रुपये की स्वीकृति पूर्व में ही प्रदान कर दी थी। जिसके लिए वह दोनों अतिथियों का सदस्य आभार व्यक्त करते हैं।

इस दौरान अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, आर्येंद्र आर्य एमआईसी सदस्य भारती श्रीवास्तव, त्रिवेणी रंधारी, अविनाश श्रीवास्तव, लक्ष्मण झा, अभिषेक तिवारी, पंकज आचार्य, अनिल लुककड़, सुप्रियो मुखर्जी, रंगा राव, शुभ्रा दास, राजेश महावर, मुन्नी देवी सिंह, नीलिमा साहा, अनीता कुंडू अजय बेशरा, बुधराम कश्यप, भुवन बघेल, सुकुमार धर एवं अंजनेश्वर नव युवक मंडल समिति की ओर से गोविंद वर्मा, प्रकाश शिंदे, अनिल ठाकुर, राहुल वर्मा, अमर वर्मा राकेश साहू जितेंद्र वर्मा राकेश पटेल जगदीश भारती टिंकू, निर्मला देवनाथ, विद्या राज शैलजा वर्मा, हेमू दीपा कमला मानती प्रतिभा वर्मा ज्योति वर्मा एवं काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे ।

## अपराधी बेखौफ होकर वारदात को दे रहे अंजाम : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित कार्यकर्ताओं ने शहर में आए दिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ से सौजन्य मुलाकात कर चर्चा किया।

शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा, कि जगदलपुर में आए दिन आपराधिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं, जिससे शहर में चोरी, खुलेआम मारपीट, जुआ, अवैध शराब, लूटपाट, छुरेबाजी जैसे अन्य अपराधों के ग्राफ में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। अपराधियों में पुलिस का डर खत्म हो चुका हैं, जिससे वह बेखौफ होकर आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं और खुलेआम घूम रहे हैं। जिसके कारण लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास का कम हो रहा है। लोग

■ शहर जिलाध्यक्ष ने की एसपी से मुलाकात



अपने आपको सुरक्षित महसूस नही कर रहे है। श्री मौर्य ने मांग की है कि पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसे, जिससे अपराधी में अपराध करने से पहले पुलिस का खौफ हो। साथ ही मौर्य ने शहर के थानों में बेहतर व मजबूत थाना प्रभारी को बैठाने की बात कही जिससे शहर में शांति बहाल हो सके अन्यथा ऐसे थाना प्रभारी को हटाकर मजबूत प्रभारी को लाने हेतु मांग की..वही पुलिस अधीक्षक ने सभी बातों को सुनकर उक्त बातों पर जल्द से जल्द समाधान निकालने करने हेतु आश्वस्त किया। इस दौरान रामशंकर राव,वेंकट राव, प्रशांत जैन,अजय बिसाई,असीम सूता,अभिषेक नायडू, जॉर्ज टोप्पो,अभिषेक गुप्ता,विशाल खंबारी आदि मौजूद रहे।

## पहली से आठवीं तक के छात्रों को भाषा और गणित विषयों में निपुण करने के लिए उपचारात्मक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में पुनः पढ़े दंतेवाड़ा लिखे दंतेवाड़ा योजना की शुरूआत आज मुख्यालय के इंडोर

■ विधायक ने किया पढ़े दंतेवाड़ा लिखे दंतेवाड़ा योजना की शुरूआत




स्टेडियम में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी के द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा देश के 115 आकांक्षी जिलों में शिक्षा व्यवस्था को सुधार करने के लिए विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। पढ़े दंतेवाड़ा लिखे दंतेवाड़ा कार्यक्रम के संचालन से, जिले में, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में बचपन बनाओ, विनोबा प्रथम फाउंडेशन एवं अन्य स्वयं सेवकों का भी मदद लिया जाएगा। इसके जरिये बच्चों में कक्षा अनुरूप दक्षता हासिल हो पायेगी, जिससे कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चे पाठ्य पुस्तक को बेहतर ढंग से समझ बनाते हुए, अध्ययन कर पाएंगे।

साथ ही बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षा की भी व्यवस्था किया जाएगा, जिससे जो बच्चे एफएलएन के तहत भाषा एवं गणित में लक्ष्य प्राप्ति कर सकेंगें। पढ़े दंतेवाड़ा लिखे दंतेवाड़ा कार्यक्रम में भाषा एवं गणित में क्रमशः व अक्षर, शब्द, अनुच्छेद कहानी तथा अंक, संख्या, जोड़ एवं घटाओ को बेहतर ढंग से परिभाषित किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय में बेसलाइन, मिडलाइन एवं एण्डलाइन आंकलन आयोजित होंगें। बेसलाइन टेस्ट का आयोजन माह जुलाई में लिया जाएगा, जिसका आंकलन दूसरे संकुल के शिक्षकों के द्वारा करवाने के निर्देश दिये गये है।

साथ ही इस आधार पर जिन बच्चों को उपचारात्मक शिक्षा की आवश्यकता होगी, उन्हें समूह में विभाजित करते हुए उपचारात्मक शिक्षा प्रदान किया जाएगा और आवश्यकता होने पर, शिक्षकों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, इस हेतु प्रत्येक विकासखण्ड से दो रिसोर्स पर्सन के रूप में नामित होंगें। इसके लिए डाइट का भी सहयोग लिया जावेगा।

## पटवारियों का बेमियादी हड़ताल, मागें मनवाने जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों का अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हो चुका है। खेती किसानी के समय पटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसका असर दूसरे दिन देखने को मिला। जिले के अलग अलग तहसीलों में कामकाज के लिए आए किसानों को बैरंग लौटना पड़ा।

■ 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी हड़ताल पर

जानकारी के मुताबिक पटवारियों ने राजस्व पखवाड़ा का पूरी तरह बहिष्कार कर स्थानीय मंडी परिसर स्थित धरना स्थल में बेमियादी हड़ताल में बैठ गए है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष आनंद कुमार



कश्यप ने बताया कि विगत कई वर्षो से मागों व समस्याओं के निराकरण की मांग की जा रही है लेकिन उनकी मागों पर शासन ध्यान नहीं दे रही है। पूरे प्रदेश में 32 सूत्री मांगों को लेकर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई है। वहीं राजस्व पखवाड़ा का पूरी तरह बहिष्कार कर दिया गया है। सोमवार से सभी जिला मुख्यालयों धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। पटवारियों के हड़ताल से पूरी तरह से राजस्व विभाग का काम काज ठप हो गया है। राजस्व पटवारी संघ ने 32 सूत्रीय मांग रखी गई है। जिसमें ग्रेड पे 2800 करने और कार्यालयीन संसाधन है। इसके अलावा ऑनलाइन कार्य के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट जैसी सुविधाओं की मांग भी की गई है। ऑनलाइन एप भुइंया में नक्शा, बटांकन संशोधन को लेकर आने वाली परेशानियों का हवाला देते हुए जरूरी सुधार, तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना समेत 32 मांगें रखी गई हैं।

### पूर्व विधायक अंतुराम कश्यप नहीं रहे



■ गृहग्राम बस्तर में आज होगी अंत्येष्ठी

जगदलपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा भानपुरी विधानसभा से 2 बार विधायक रहे अंतुराम कश्यप (82) का आज सुबह 11 बजे रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 1993 से 2003 तक 2 बार भानपुरी विधानसभा से विधायक चुने गए थे। उनके पुत्र लखेश्वर कश्यप ने बताया कि कुछ समय से उनका उपचार चल रहा था। महारानी अस्पताल में वे भर्ती थे जहां से रायपुर रेफर किया गया था। कल रात को अचानक तबियत बिगड़ी और आज उन्होंने अंतिम सांस ली। बुधवार को 11 बजे ग्राम बस्तर में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे पत्नी, 3 पुत्र सहित नाती-पोतों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## दुध, दही, पनीर और खोवा से बने खाद्य पदार्थों की जांच, 21 में 2 अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन जगदलपुर की टीम

■ लेबलिंग नहीं होने से 4 खाद्य पदार्थ मिथ्या पाया गया

ने जिला बस्तर के विभिन्न डेयरी फार्मोर् का औचक निरीक्षण किया। पनीर एवं दही का नमूना संग्रहण कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जगदलपुर शहर एवं आड़ावाल के विभिन्न डेयरी फार्मोर् से दुध, दही, पनीर, घी एवं खोवा के 21 नमूनों का परीक्षण किया गया जिसमें से 2 नमूने प्रारंभिक जांच में अमानक पाए गए। जिनका नमूना संग्रहण कर जांच के लिए भेजा गया। 11 अन्य खाद्य सामग्रीयों के नमूनों में से 4 लेबलिंग नहीं होने के कारण मिथ्याछाप पाया गया, जिन्हें लेबलिंग लगाने के लिए निर्देशित किया गया। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुये निर्देश का पालन करने कहा गया। ठेला, गुमटी, फुड स्टॉल एवं नास्ता सेंटरों के संचालकों को भी निर्देशित किया गया है कि वें खाद्य सामग्रीयों को ढंक कर रखें, अखबारी कागज, प्रींटेड कागज का उपयोग नास्ता देने में न करें उनकी जगह प्लेट, प्लेन कागज या दोनों का उपयोग करें। खुले में विक्रय के लिए रखे खाद्य सामग्रीयों को मक्खियों से बचाव हेतु जाली/नेट से ढकें। सूखे खाद्य पदार्थोर् को नमी से बचाकर रखें।

## बिजली दरों में वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहण्डीगुड़ा

प्रदेश में भाजपा की सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है तथा बिजली की कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता त्रस्त हो गई है। जिसके विरोध में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया एवं राज्यपाल के नाम पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश में भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नही दे पा रही है, उपर से बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया गया है। यह जनता पर अत्याचार है। बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता मंहगाई से पीड़ित है। इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोत्तरी करना मंहगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढोत्तरी हई है हकीकत में पिछले दो माह में बिजली के बिल दुगने आ रहे है।

**न्यायालय तहसीलदार दुर्गूकोंदल**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला कांकेर तहसील- दुर्गुकोंडल प.ह.न. - 00004 सिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. CG-2024-25-197-1-143

**ईश्तहार**

तहसील दुर्गुकोंडल के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम सिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी CG HYDRO POWER LLP THROUGH AMIT AGRAWAL पिता/पति - BHARAT KISHOR AGRAWAL पता - NIVASI M.NO. A02 MOLSHRI VIHAR, VIP ROD RAIPUR TAH. RAIPUR DIST. RAIPUR के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 191/1(6.7600), '191/2 (4.3900) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता CHHATTISGARH GOVT FOREST DEPARTMENT (MUKESH NETAM) पिता/पति - NA पता - NA के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01 / 08 / 2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्गूकोंदल पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार' मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/07/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदारः UMAKANT JAISWAL
तहसील दुर्गूकोंदल

**साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

# अमृत सरोवरों में अधिक से अधिक करें पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि जिले में चिन्हांकित अमृत सरोवरों में अधिक से अधिक पौधरोपण करें, जिससे सरोवर को हरा-भरा किया जा सके। साथ ही समय-सीमा की प्रकरण, जनचौपाल, जन शिकायत पर सभी अधिकारी आवश्यक कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण करें। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग स्कूलों में पोषण वाटिका के विकास हेतु विशेष पहल करें, साथ ही नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के जाति-प्रमाण पत्र जारी करने के लक्ष्य को आवश्यक गति दें।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा में कृषि एवं संबद्ध विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चाकर किसानों के केसीसी, खाद-बीज की उपलब्धता पर सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में जिले में लखपति दीदी हेतु लक्षित परिवार और उनके कौशल प्रशिक्षण, सीआरपी एवं मैपिंग की स्थिति की चर्चा की गई।



इसके अलावा जिले में महिला लखपति दीदी पहल को आवश्यक प्रगति देने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए। प्रधानमंत्री आवास योजना की क्रियान्वयन की साप्ताहिक प्रगति के साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के लंबित राशि की मांग हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की भौतिक प्रगति और तालाबों का गहरीकरण की भी समीक्षा की। उन्होंने ई-पास मशीन से ई-केवायसी करवाने, पीडीएस बारदाना संकलन, सीएमआर मॉनिटरिंग रिपोर्ट, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना स्वीकृत कार्यों की प्रगति, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्रों की ऑन लाईन प्रविष्टि की अद्यतन जानकारी, स्वास्थ्य विभाग से रेफरल की स्थिति सिकलसेल की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा किए।

कलेक्टर ने शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति, जल जीवन मिशन के कार्य में क्रेडा एवं विद्युत कनेक्शन की स्थिति, श्रम विभाग के द्वारा असंगठित कर्मकार को दी जा रही योजनाओं की प्रगति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत प्रगति, सांसद निधि-विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों और कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण की कार्ययोजना पर भी चर्चा कर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जैविक खाद के बारे में किसानों को मिली जानकारी

**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा में जैविक खाद के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए राजनंदगांव और बालोद से पहुँचे विशेषज्ञों ने बनसागर, अमोड़ा, भैंसमुडी, रिसेवाड़ा के किसानों को जानकारी दिया। विशेषज्ञ हर्ष श्रीवास्तव ने बताया धरती मां में निरंतर रासायनिक खाद के उपयोग के करने से जहरीला अनाज साग सब्जी हो रहा है, जिसको देखते हुए स्वास्थ के लिए ऑर्गेनिक जैविक खाद का उपयोग करने के सभी किसानों को समझाइए दिए। यह जानकारी जैविक ऑर्गेनिक कृषक मित्र सुरेश पटेल ने दिया।

### न्योत भोज का आयोजन कर दिया सकारात्मक संदेश



**दुगुकोंदल।** विकास खंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम मेड़ो के प्राथमिक और माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को मेड़ो निवासी संदीप दीवान ने अपने 39 वे जन्मदिन वार्षिकी के अवसर पर 9 जुलाई को न्योत भोज का आयोजन कर सकारात्मक संदेश दिया है। संस्था के प्राचार्य हेमंत कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संदीप अभी वर्तमान में भानुप्रतापपुर क्षेत्र में निवास करते है और उनका परिवार मूलत मेड़ो के ही निवासी है। न्योता भोज आयोजित करने और जन्मदिन पर संस्था की ओर शुभकामना दी। ग्राम पंचायत मेड़ो के सरपंच अनुज खरे ने भी न्योता भोज आयोजन पर परिवार को धन्यवाद दिया।

### हत्या में शामिल नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या में शामिल एक नक्सली को कुटरू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत थाना कुटरू के बल द्वारा 8 जुलाई को तेलीपेंटा से 1 नक्सली जनताना सरकार सदस्य रामा तेलम पिता कैया तेलम उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम तेलीपेंटा थाना कुटरू को पकड़ा गया।

कार्यक्रम : अंतागढ़ में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन, कलेक्टर हुए शामिल

# नैतिकता, संस्कार और अध्यात्म से विद्यार्थियों में विकसित होंगे सकारात्मक विचार : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नि :शुल्क पुस्तक, गणवेश और सायकल का किया गया वितरण
- शत प्रतिशत परिणाम वाले स्कूलों के प्राचार्यों का भी किया गया सम्मान





जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन अंतागढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 9 जुलाई को सांसद भोजराज नाग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सांसद ने न प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत करते हुए पुस्तक, गणवेश और सायकल का वितरण किया। जिले के विभिन्न स्कूलों में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए सांसद एवं कलेक्टर के द्वारा संस्था के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। सांसद ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंतागढ़ के नवीन भवन का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है और शिक्षित होना बहुत जरूरी है। एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है और केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का समुचित लाभ ले सकता है। उन्होने कहा कि गुरू-शिष्य परंपरा भारत की प्राचीन और उत्कृष्ट शिक्षा पद्वित रही है, जिसे फिर से स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नैतिकता, संस्कार, मानवता और अध्यात्म से ही सकारात्मक सोच विकसित हो सकती है। सांसद ने सभी विद्यार्थियों को शाला प्रवेशोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया।

इस अवसर पर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने जिला प्रशासन की ओर से संदेश का वाचन करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे, इसके लिए जिले में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी बाहुल्य कांकेर जिले में 05 एकलव्य आवासीय विद्यालय और एक प्रयास विद्यालय सहित अनेक स्कूल, आश्रम, छात्रावास हैं जिनके जरिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता हेतु तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतियोगी व व्यावसायिक परीक्षाओं के लिए भी उन्हें सतत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग ने भी अपने विचार प्रकट किए।

### न्यौता भोज में सभी हुए शामिल

आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद व मंचस्थ अतिथियों के द्वारा 06 दिव्यांग छात्राओं को चश्मा, ब्रेल किट और दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम वाले 129 विद्यालयों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। विद्यालय की 19 छात्राओं को सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदाय की गई। कार्यक्रम के अंत में सांसद, कलेक्टर व अन्य सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और सभी अतिथियों एवं छात्राओं के साथ सामूहिक न्योता भोज भी किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बद्रीनाथ गावड़े, उपाध्यक्ष भवन लाल जैन, अमल सिंह नरवास, एडीएम बीएस उइके, जिला शिक्षा अधिकारीअशोक कुमार पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जलवायु परिवर्तन के संकट को रोकने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी : आशाराम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वन विभाग द्वारा अलनियापारा के लैंपस प्रांगण में वन महोत्सव के उपलक्ष्य में 8 जुलाई को विधायक आशाराम नेताम, कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इंद्रिरा कल्याण ऐलीसेला और वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी के विशेष आतिथ्य में पौधारोपण किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के संकट को रोकने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है और वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रत्येक नागरिक से उनके जन्म दिवस या वैवाहिक वर्षगाँठ पर एक पौधा लगाने की अपील किया। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में से पिछला वर्ष सर्वाधिक गर्म वर्ष रहा। प्रथम बार लोगों ने इतनी भीषण गर्मी का सामना किया। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधारोपण करने आव्हान किया1। वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी ने प्रधानमंत्री के संदेश पर एक पौधा मां के नाम अभियान की जानकारी दी। सभी लोगों से एक पौधा अपनी माता के नाम लगाने अपील किया, इसके साथ ही किसान वृक्ष मित्र योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दिया। ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे अपने खेतों पर लगा कर अतिरिक्त लाभ पाने के लिए प्रोत्साहित किया।

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत मटियारा जी, जनपद अध्यक्ष रामचरण कोराम, जनपद सदस्य ईश्वर कवडे, पार्षद जयंत अटभैया, पूर्व पार्षद पप्पू मोटवानी, राजहंस मटियारा, महावती भास्कर, ईश्वरी नेताम, परिक्षेत्र अधिकारी रहमान खान व वन विभाग के समस्त अमला, लैंपस का समस्त स्टाप व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भैसाकन्हार में जनसमुदाय को स्टॉप डायरिया कैम्पेन में हाथ धुलाई की बताई गई विधि

- जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया



**भानुप्रतापपुर।** भैसाकन्हार क में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी काँकेर डॉ.अविनाश खरे के निर्देशानुसार एवं खंड चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर डॉ. ए.के.ध्रुव के मार्गदर्शन पर स्टॉप डायरिया कैम्पेन के तहत आज ग्राम में जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत उपस्थित महिला/पुरूष एवं बच्चों को हाथ धुलाई की विधि बताई गई। सभी को अपने दैनिक व्यवहार में लाने के लिए प्रेरित किया गया। स्टॉप डायरिया कैम्पेन के बारे में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बृजेश उके ने बताया कि यह कार्यक्रम 1 जुलाई से 31 अगस्त तक मनाया जाना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 0से 5 वर्ष के बच्चों में डायरिया से निर्जलीकरण के कारण होने वाले मुत्यु की रोकथाम एवं नियंत्रण करने की तीव्र गतिविधियों में हैं। इस कार्यक्रम के तहत गतिविधियों की जानी हैं इसके तहत मितानिन द्वारा घरों में सर्वेक्षण कर 0 से 5 वर्ष के बच्चे चिन्हित कर प्रत्येक बच्चों के घरों में ओआरएस पैकेट व जिंक की टैबलेट विरतण किया गया है ताकि किसी भी बच्चों को दस्त होने पर तत्काल समुचित उपचार व निदान हो सके।। जनजागरूकता के क्रम में सभी स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों में हाँथ धुलाई की विधि के बारे में सभी को बताया जाना है। इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक लता नरेटी,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता राणा,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्लता दरपट्टी,लक्ष्मी लटिया,कामीन,मितानिन सुरजा वट्टी,नीरा ओरसा,शौहद्रा नरेटी एवं ग्राम की महिला/पुरूष बच्चे उपस्थित हुए।

### बासी खाना न खाएं, उबला पानी पीएं

रोकथाम के तरीके में बासी भोजन का इस्तेमाल न करे स्वच्छ एवं उबले पानी का उपयोग करे।अच्छी स्वच्छता का उपयोग करे।शौच के बाद और खाने के पहले अपने हाथ को साबुन से अवश्य धोए। बच्चों को रोटावायरस का वैक्सीन लगाए। दस्त होने पर भी माताओं को दूध पिलाते रहना चाहिए।

# असामाजिक तत्वों ने ट्रैक्टर को रोकर टंगिया से हमला करने किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिकायतकर्ता के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने दी धमकी



राज्य राजमार्ग 25 पर बीती रात को तीन से चार युवकों ने ट्रैक्टर को रोककर ट्रैक्टर में सवार दो युवकों को गाली देते हुए जान से मारने धमकी दिया। दोनो युवक डरकर भाग गए और अपनी माँ को घटना की जानकारी दिया। युवक की माँ घटनास्थल पर पहुँची। तभी उपद्रवी युवकों ने युवक पर टंगिया से हमला करने का प्रयास किया। वही माँ के द्वारा बचाव करने पर आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट किया।

दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुँची अंधेवाड़ी निवासी सावित्री सिन्हा पति बीजूराम ने पुलिस को बताया कि 8 जुलाई को मेरा लड़का आदित्य सिन्हा और मेरा भतीजा दिव्यांश जैन घर का ट्रैक्टर लाने डूमरपानी गये थे। रात्रि करीबन 10 बजकर 40 मिनट पर मेरा लड़का आदित्य सिन्हा ने फोन कर बताया कि ग्राम डुमरपानी से ट्रैक्टर को लेकर घर आंधेवाड़ा आ रहे थे कि ग्राम हाहालद्दी राष्ट्रीय राजमार्ग 25 मेन रोड़ हेमन्त विश्वकर्मा के घर के पास पहुचे थे कि रात्रि करीबन साढ़े 10 बजे मेन रोड में एक व्यक्ति अपने मोटर सायकल को खड़ाकर मुझे गाड़ी रोकने के लिए बोला। मेरी गाड़ी क्यू रोके हो पूछने पर, मुझे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिए, तब और दिव्यांश जैन अपनी जान के डर से गाड़ी को छोड़कर बस्ती अंदर चले गए। रोड में खड़े मोटर सायकल का नंबर सीजी 19 बीआर 0646 लिखा था। अपने परिजन को घटना के बारे में बताकर तत्काल ग्राम हाहालद्दी पहुंची और उसी समय मेरा लड़का और भतीजा देखकर दौड़कर मेरे पास आए। मोटर सायकल का चालक एवं अन्य लोगों के द्वारा एक राय होकर मुझे व मेरे बेटा व भतीजा को देखकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे कुल्हाड़ी से मेरे लड़के को मारने के लिए उठाया। मुझे जान से मार दूंगा कहकर मेरा गला तथा बाल को पकड़ खींच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया हैं। घटना के समय मेरा बेटा आदित्य, अशवंत सिन्हा, पुरूषोत्तम सिन्हा, दिव्यांश जैन देखे सूने व बीच बचाव किए।

प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115, 296, 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### एक पेड़ मां के नाम पर मुक्तिधाम में किया पौधारोपण

**भानुप्रतापपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुक्तिधाम विकास समिति के सदस्य नगर के गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा मंगलवार को मुक्तिधाम पर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वही केन्द्र सरकार द्वारा माँ को एक सच्ची श्रंद्धाजलि योजना के तहत पूरे प्रदेश में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। केंद्र सरकार की इस योजना को भी लोगो ने सहारा है एवं बढ़चढ़ कर इस अभियान में अपनी भूमिका निभा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी का विशेष सहयोग रहा। इन अवसर पर संरक्षक अनंत गोपाल कोठारी एवं सलाहकार चंद्रप्रकाश कट झरे अध्यक्ष शंकर गांधी, उपाध्यक्ष अम्बिका प्रसाद सोनी,राकेश रमानी,सचिव दीपक शर्मा, सहसचिव वामन डड़सेना, कोषाध्यक्ष जी आर मरस्कोले, सदस्य ईश्वर साहू,,पंकज यादव,जीवन यादव ,द्वारिका प्रसाद वनपाल ,अजय शर्मा,भगवान सिंह कुंजाम, पंकज यादव, महेश जैन, दीपांकर मजूमदार, संजय साहू ,राहुल सिंह धुन्ने,नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, लोक निर्माण ईई महेंद्र कश्यप, एसडीओ गणवीर,टीएस ठाकुर अरविंद जैन नरोत्तम चौहान, राजा पांडे ,साकेत नशीने,अभय पांडे निखिल शिवहरे,मुकेश चंद्राकर , राजकुमार ठाकुर ,मोहन मांडवी, सोमदेव नायक, हरीश सोनी नरेश जैन, सुमन्त सिन्हा, प्रिंस सिन्हा, एनएस मैथ्यू,गुरपाल सिंह रंधावा, विजय जैन आदि उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कोरर में मनाया



**कोरर।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल केंद्र कोरर में मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमंत ध्रुव अध्यक्ष जिला पंचायत काँकेर एवं सतीश लाटिया अध्यक्ष भाजपा जिला कांकेर कि अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि सौरभ ठाकुर सरपंच कोरर अकरम कुरैशी, गणेश सोनी, शोएब अहमद, हेमराज राठौर उपसरपंच कोरर कि उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सतीश लाटिया ने कार्यक्रम की महत्ता को बताते हुए बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना कर सभी को बधाई दी। सदेसिंह कोमरे खंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा शाला मे नियमित रूप से बच्चो को उपस्थित होने हेतु प्रेरित किया। दुर्गेश शोरी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, राधेलाल नुरूटी खंड श्रोत समन्वयक भानुप्रतापपुर कार्यक्रम मे उपस्थित रहे। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक वंदन कर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया साथ ही मुँह मीठा कर शाला में प्रवेश कराया। छत्तीसगढ़ शिक्षा बोर्ड सत्र 2023-24 मे शाला स्तर मे प्रावीण्य सुचि मे स्थान बनाने वाले कक्षा बारहवीं के विनिता कोरेटी, दुर्गेश कावड़े ,विक्रमदेव नेताम , कक्षा दसवी के श्रद्धा साहू ,रौनक क़ुरैशी को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इसके पश्चात शाला मे पौधरोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया व पौधो कि सुरक्षा व अधिक से अधिक पौधारोपण करने की शपथ ग्रहण कराया गया जिसमे वर्तमान समय मे हो रही पर्यावरण परिवर्तन व बढ़ रही तापमान का करणो से अवगत कराया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य शिवराज टांडिया अनुपम जोफर, राजेश शुक्ला व्यख्याता कोरर, हुमा पिस्दा लिप्सा ठाकुर,भारती देवांगन कंचन लता ठाकुर, मोनिका जुर्री, दुश्यन्त सोनकर, रंजीत लहरे, प्रसुन जैन एवं संकुल के अन्य शिक्षक एवं पालक उपस्थित रहें। आभार प्रदर्शन यामिनी मरकाम द्वारा की गई। मंच संचालन मुकेश जैन संकुल समन्वयक कोरर के द्वारा किया गया।

## चारपहिया ने बाइक को मारी ठोकर, दोपहिया सवार घायल




**चारामा।** चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे 54 वर्षीय लीलाराम ठाकुर पिता स्व. कल्याणसिंह ने पुलिस को बताया कि 1 जुलाई को करीबन शाम साढ़े 7 बजे उनका बेटा अपने साथियों के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 6437 में सवार होकर दरगहन से वापस चारामा आ रहे थे। दरगहन के पास चारपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एमवी 9263 के चालक अंकालूराम पटेल द्वारा स्कार्पियों को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे बेटे व उसके अन्य दो साथी को चोटें आई हैं। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का आधार, शिक्षा से भविष्य गढ़ सकते हैं



**कांकेर।** नरहरपुर विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ग्राम बीरनपुर में 8 जुलाई को विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। विधायक व अन्य अतिथियों ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तकें व गणवेश का वितरण गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक ने कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का आधार है। शिक्षा से ही हम अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। एक समय था जब गाँव के बेटे बेटियों गरीबी के चलते सुविधा व संसाधनों के अभाव के कारण शिक्षा से वंचित होते थे, परंतु हमारी सरकार ने शिक्षा को लेकर हर संभव प्रयास कर गाँव की बेटे बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया है। जिसके लिए अब किसी भी माता पिता को आर्थिक भार का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार बेटियों को स्कूल जाने सायकल दे रही हैं। गाँव गाँव स्कूल खोल रही छात्रवृत्ति दे रही निःशुल्क पुस्तक तथा गणवेश दे रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ग्राम पंचायत बीरनपुर की सरपंच राधिका तारम, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने भी संबोधित किया।

वेदिका का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, 12वीं की मेरिट सूची में रही शामिल

# तुड़गे स्कूल की टॉपर छात्रा का स्कूल में हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



प्रदेश के बोर्ड परीक्षा में तुड़गे स्कूल की छात्रा वेदिका निषाद 12वीं में 95.60 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण होकर प्रदेश के टॉप-10 में अपनी जगह बनाई। छात्रा वेदिका मंगलवार स्कूल पहुँची तो उनका अभिनंदन किया गया। स्कूल पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने वेदिका का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इस दौरान बीईओ सदेसिंह कोमरे एवं प्रधानाचार्य ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। बीईओ ने बताया कि छात्रा वेदिका ने कक्षा 12वीं में 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर प्रदेश के टॉप टेन में जगह बनाई। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए कक्षा 10 एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्यता सूची जारी की गई थी। जिसके टॉप-10 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुडगे भानुप्रतापपुर की कक्षा 12वीं की छात्रा वेदिका निषाद ने 95.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर राज्य में सातवां स्थान हासिल किया है। बीईओ ने छात्रा की इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल स्टाफ व प्राचार्य को दिया। उन्होंने कहा कि 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करना गौरव की बात है। उन्होंने ने छात्रा वेदिका, परिवार जन व स्टाफ को शुभकामनाएं देकर छात्रा के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### छात्रा की माता ने सीएम विष्णुदेव साय को दिया धन्यवाद

छात्रा की माता पेमीन बाई निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित की है। मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में प्रतिभाशाली छात्रा वेदिका निषाद को कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नोनी- बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत उन्हें दो लाख रूपये का चेक भेंट किया। आयोजित जनदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने यह चेक वेदिका को भेंट कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने वेदिका को एक लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि और एक लाख रुपए स्कूटी खरीदने के लिए प्रदाय किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर वेदिका और उसकी माता गदगद हो गई
इसके लिए छात्रा की माता पेमीन बाई निषाद ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

### हमर लक्ष्य का दिख रहा असर

जिले के बच्चों को परीक्षा की बेहतर और तनावरहित तैयारी कराने के लिए जिले में चलाए गए मिशन हमर लक्ष्य का बखूबी असर दिख रहा है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में जिले की स्थिति बेहतर और मजबूत बनकर उभरी। जिले की पूर्व कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत बच्चों की विशेष तैयारी के लिए शिक्षा विभाग द्वारा अभियान चलाया गया था, जिसके तहत बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के साथ समय-समय पर उनके टेस्ट भी लिए गए। परीक्षा के पूर्व और इसके दौरान बच्चों में तनाव को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिलास्तरीय अधिकारियों को स्कूलों में जाकर बच्चों से मुलाकात करने के निर्देश भी दिए गए थे। कलेक्टर डॉक्टर प्रियंका ने स्वयं भी बच्चों से मुलाकात कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिए थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमदी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है